भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड भोपालपानी
देहरादून।

संख्या 136 /ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 04 मई, 2018

## विज्ञापन

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के विभागीय वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर वैध पंजीकृत बिडर्स हेतु राज्य के रिक्त राजस्व/वन क्षेत्र में उपलब्ध उपखनिज (आर0बी0एम0) के खनन क्षेत्र हेतु विज्ञापन संख्या 76/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 28 मार्च, 2018 के द्वारा दिनांक 30.03.2018 को जनपद पौडी गढ़वाल, उत्तरकाशी, हरिद्वार एवं पिथौरागढ़ के 50 उपखनिज लॉटों के लिए प्रथम चरण ई–निविदा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जो कि "राज्य के स्थायी निवासी/स्थायी निवासियों की समिति, जो कोआपरेटिव सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट अथवा पार्टनरशिप एक्ट एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अधीन पंजीकृत हो" हेतु था। उक्त 50 उपखनिज लॉटों में से 44 उपखनिज लॉटों हेतु अर्ह निविदादाता/बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण उक्त लॉट कार्यालय ज्ञाप संख्या 131/भू0खनि0ई0/का0आ0/ई0निवि0सह0ई0नीला0/2017–18, दिनांक 26 अप्रैल, 2018 के द्वारा निरस्त करते हुए तथा उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के नियम 27 (11)(4) के प्राविधानानुसार अगले उच्च वर्ग (राष्ट्रीय स्तर) "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/सोसाइटी आदि" को पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

2– विज्ञापन संख्या 851/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 29 जनवरी, 2018 के द्वारा दिनांक 30.01.2018 को विज्ञापित जनपद हरिद्वार के 10 उपखनिज लॉट राष्ट्रीय स्तर "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/ सोसाइटी आदि" हेतु विज्ञापित किया गया था, उक्त 10 में से 08 उपखनिज लॉटों में अर्ह निविदादाता/बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण उक्त 08 लॉट की प्रक्रिया निरस्त की गयी थी, को पुनः औद्योगिक विकास अनुभाग–1 के कार्यालय आदेश संख्या 607/VII-I/2018/46ख/17टीसी, दिनांक 12 अप्रैल, 2018 द्वारा प्रदत्त अनुमति के क्रम में पुनः राष्ट्रीय स्तर "भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/ सोसाइटी आदि" हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

3– उक्त 52 लॉटों का विवरण निम्नवत् है :–

तालिका–1

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | उपखनिज लॉट 5.00 हेक्टेयर से कम (राष्ट्रीय स्तर हेतु) | उपखनिज लॉट 5.00 है0 से 50 तक (राष्ट्रीय स्तर हेतु) | कुल लॉटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरिद्वार | 13 | 08 | 21 |
| 2. | पौडी गढ़वाल | 26 | – | 26 |
| 3. | पिथौरागढ़ | 02 | – | 02 |
| 4. | उत्तरकाशी | 03 | – | 03 |
| | योग :– | 44 | 08 | 52 |

1. ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व क्षेत्र में उपखनिज की मात्रा गुणवत्ता एवं खनन स्थल के लिए पहुंच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का परीक्षण कर बिडर स्वयं आवश्वस्त हो लें। ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पश्चात् इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. उपखनिज लॉटों की विस्तृत जानकारी, विशेष शर्तें तथा सामान्य अनुदेश संबंधी विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in तथा uktenders.gov.in पर लॉगइन कर प्राप्त की जा सकती है।
3. नये इच्छुक निविदाकारों के द्वारा विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 11.05.2018 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। पूर्व में पंजीकृत वैध निविदाकारों को पुनः विभागीय वेब एप्लीकेशन पर पंजीकरण कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। वैध पंजीकृत निविदाकार अपने 16 अंकों के पंजीकरण संख्या के द्वारा लॉट हेतु आवेदन शुल्क जमा कर प्रतिभाग कर सकते है।
4. ऑन लाईन ई–निविदा डालने तथा ई–नीलामी बोलने की विधि का पूर्ण विवरण सेवा प्रदाता संस्था भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।

5. विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in में इच्छुक वैध पंजीकृत व्यक्ति को पृथक–पृथक खनन/चुगान क्षेत्र के लिए पृथक–पृथक आवेदक शुल्क पर्वतीय क्षेत्र हेतु रू0 50,000/– (रू0 पचास हजार मात्र) एवं मैदानी क्षेत्र हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) लेखाशीर्षक– 0853 अलौह खनन धातु कर्म एवं खनन उद्योग–00, 102–खनिज रियासत शुल्क और स्वत्व शुल्क–01–00 में जमाकर, जी0एस0टी0 एवं आयकर आगणित कर सम्बन्धित विभागों के लेखाशीर्षक में जमा कराकर चालान/रसीद की स्कैन प्रति अपलोड की जायेगी जिसका सम्पूर्ण दायित्व आवेदक का होगा।

6. ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही दो चरणों में की जायेगी।

7. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 05.05.2018 (शनिवार)

2– **प्रथम चरण की कार्यवाही निम्नानुसार की जायेगी :–**

तालिका–1

| प्रथम चरण (ई–निविदा)– (दिनांक 05.05.2018 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 29.05.2018 तक अपराह्न 05:00 बजे तक) | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | दिनांक 05.05.2018 (शनिवार) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 05.05.2018 (शनिवार) सायं 5:00 बजे |
| विभागीय वैबसाइट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 11.05.2018 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई निविदा के लिये निविदा दिये जाने हेतु पंजीकरण की अवधि एवं समय– | दिनांक 15.05.2018 (मंगलवार) तक सांय 03:00 बजे तक |
| प्री बिड बैठक की दिनांक एवं समय | दिनांक 08.05.2018 (मंगलवार) मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे –भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| प्री बिड के उपरान्त कोई संशोधन अपेक्षित हो तो तत्सम्बन्धी सूचना अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 09.05.2018 (बुधवार) को सांय 05:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई–निविदा हेतु बिड सबमिशन की अवधि एवं समय | दिनांक 11.05.2018 (शुकवार) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 17.05.2018 (बृहस्पतिवार) सांय 04:00 बजे तक। |
| ई–निविदा तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनांक 18.05.2018 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| ई–निविदा के तकनीकी मूल्यांकन की अवधि | दिनांक 19.05.2018 (शनिवार) अपराह्न 11:00 बजे से दिनांक 22.05.2018 (मंगलवार) अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| तकनीकी बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 24.05.2018 (बृहस्पतिवार) सांय 04:00 बजे |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की घोषणा | दिनांक 24.05.2018 (बृहस्पतिवार) सांय 05:00 बजे |
| वित्तीय बोली (सफल घोषित निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत निविदित उपखनिज की मात्रा) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 25.05.2018 (शुकवार) मध्याह्न 12:00 बजे से प्रारम्भ |
| वित्तीय बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 28.05.2018 (सोमवार) अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| ई–निविदा के परिणाम की घोषणा | दिनांक 29.05.2018 (मंगलवार) सांय 04:00 बजे। |
| प्रथम चरण की समाप्ति | दिनांक 29.05.2018 (मंगलवार) को |

निदेशक